an>

Title: Need to provide employment to the people by reviving spinning mill and float glass factory in Banda and Chitrakoot districts of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : उपाध्यक्ष जी, मैं देश के अति पिछड़े क्षेत्र बुंदेलखण्ड के बांदा संसदीय क्षेत्र से चुनकर आया हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में दो जनपद आते हैं, जहां बड़े उद्योग नहीं हैं। हजारों बेरोजगार काम की तलाश में देश के सुदूर विभिन्न क्षेत्रों में जाते हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सपरिवार लोगों के पलायन के कारण अनेक घरों में ताले लटकते दिखायी पड़ते हैं। बांदा जनपद में एक कताई मिल लगी थी, जिसमें हजारों लोग काम करते थे लेकिन वह काफी समय से बंद है। चित्रकूट जनपद में भी एक ग्लास फैक्ट्री लगाने का कार्य शुरू हुआ था। कार्य काफी हो भी चुका था, लेकिन बीते काफी समय से वहां भी कुछ नहीं हो रहा है। दोनों जगह मशीनें जंग खा रही हैं या गायब हो रही हैं। मेरे यहां ग्रेनाइट व सिरकासेंड भी बड़ी मात्रा पर उपलब्ध है, जिस पर आधारित उद्योग लगाए जा सकते हैं।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि बांदा स्थित कताई मिल तथा चित्रकूट के वर्गर स्थित फ्लोट ग्लास लिमिटेड को शीघ्र शुरू करवा कर दोनो जनपदों में एक-एक कोई बड़ा अन्य उद्योग लगा कर वहां की बेरोजगारी की समस्या को दूर कर, इस पिछड़े क्षेत्र की विकास की राह को खोलने की कृपा करें।